श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
25.02.2025
फाल्गुन कृष्णपक्ष द्वादशी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 181

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:23 बजे
अस्त - 05:55 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 31 डिग्री से.
न्यूनतम : 16 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार
www.banshidharnews.com

वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन >> पेज 03
फ्लाइट में राहुल मोदी संग दिखीं श्रद्धा कपूर, फोटो वायरल >> पेज 04

### सुविचार

जिंदगी एक खूबसूरत सफर है, हर दिन को एक नये अध्याय के रूप में जियें।

### न्यूज अपडेट्स

## झारखंड में बढ़ी ठंड, तीन डिग्री गिरा तापमान

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में पिछले दो तीन पूर्व हुई बारिश और ओलावृष्टि का असर अब भी जारी है। यही वजह है कि रविवार के मुकाबले सोमवार को न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। रविवार को जहां रांची में न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री था वहीं सोमवार को घटकर तापमान 13.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। हालांकि अधिकतम तापमान में रविवार की तुलना में सोमवार को एक डिग्री की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान में सरायकेला में 34.8 डिग्री, जबकि सबसे कम तापमान चतरा में 10.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो तीन दिनों तक रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहेगा। इससे तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि की संभावना है। 27 मार्च को राज्य के उत्तर पश्चिमी भागों में आंशिक बादल छाने की संभावना है। रांची में अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि जमशेदपुर में 30.5 और 17 डिग्री, डालटनगंज में 31.5 और 14.2 और बोकारों में अधिकतम 33.1 और न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया।

**बजट सत्र** — झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू, राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा

# मंईयां व अबुआ आवास योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था हुई गतिशील

**रांची।** छठे विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को राज्यपाल संतोष गंगवार का अभिभाषण हुआ। राज्यपाल ने राज्य सरकार के अब तक किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने विकसित झारखंड की यात्रा को शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस यात्रा में मंईयां सम्मान योजना और अबुआ आवास योजना से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था गतिशिल हुई है। राज्यपाल ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद पहल को बढ़ावा देने के लिए 163 करोड रुपए से रांची के कोर कैपिटल एरिया, धुर्वा में यूनिटी मॉल बनाया जा रहा है। धुर्वा में ही 3.45 एकड़ भूमि पर झारखंड वर्ल्ड ट्रेड



सेंटर भी बनाया जा रहा है। इससे राज्य में निर्यात से संबंधित जरूरी आधारभूत संरचनाओं का विकास, निर्यात की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। इस योजना की लागत राशि में से 47 करोड़ रुपए राज्य सरकार वहन कर रही है। राज्यपाल ने कहा कि बेरोजगार युवाओं के लिए इस वित्त वर्ष में 81 भर्ती कैंपों और 63 रोजगार मेलों का आयोजन कर 8499 युवाओं का चयन किया गया है। साथ ही स्किल कॉन्कलेव का आयोजन कर 21861 प्रशिक्षण लेनेवालों को रोजगार ऑफर किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विधवा पुनर्विवाह योजना शुरू की है, जिसके तहत विधवा महिलाओं को पुनर्विवाह पर दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। राज्यपाल ने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोपों में 59 कांड दर्ज किए हैं। इसमें कुल 56 लोक सेवकों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधमुक्त वातावरण का सृजन करते हुए कानून का राज स्थापित किया गया है और इसे बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में योजनापूर्ण तरीके से चलाए गए नक्सली अभियानों में वर्ष 2024 में 248 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 24 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और नौ नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। वहीं 154 संगठित गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। राज्यपाल ने कहा कि छात्रों को आर्थिक सशक्तिकरण करने के लिए प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति की राशि को बढ़ाकार क्रमश : 500 को बढ़ाकर 1500 और 2250 को बढ़ाकर 4500 रुपए कर दिया गया है।

## विधायकों का प्रशिक्षण एक मार्च से

**रांची।** झारखंड विधानसभा के सदस्यों का दो दिवसीय प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एक और दो मार्च को आयोजित किया जाएगा। विधानसभा के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित होनेवाले कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन और राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश करेंगे, जबकि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्य के संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो करेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन प्रथम सत्र में सदन की गरिमा बनाए रखने में विधायकों की भूमिका विषय पर भाजपा विधायक सीपी सिंह विचार व्यक्त करेंगे। इसके बाद लोकतंत्र और समावेशी विकास विषय पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकिशोर, जबकि संसदीय विशेषाधिकार पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश अपने विचार रखेंगे। इस सत्र के मुख्य अतिथि मुख्यामंत्री हेमंत सोरेन होंगे। वहीं दूसरे सत्र में संघवाद और राज्य विधायिका की चुनौतियां विषय पर होनेवाले तकनीकी सत्र की अध्यक्षता हरिवंश करेंगे। दूसरे दिन के तकनीकि सत्र की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो करेंगे, जबकि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर होंगे। किशोर बजट और राज्यों की वित्तीय स्थिति पर विचार प्रकट करेंगे।

## परीक्षा पेपर लीक मामले में करें डिजिटल उपकरणों का उपयोग

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक के क्रम में डीजीपी ने मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले की वर्तमान स्थिति, जांच में हुई प्रगति और आगे की रणनीति पर विस्तृत रूप से चर्चा किया। इस दौरान डीजीपी ने अधिकारियों से परीक्षा की निष्पक्षता बनाये रखने को कहा। उन्होंने इस मामले की जांच में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिये और सभी संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्रवाई करने



का निर्देश दिया। उन्होंने इस मामले के अनुसंधान में डिजिटल तकनीकी उपकरण का उपयोग कर गहराई से जांच करने और दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। इसके अलावे भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिये उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक सुरक्षित बनाने के उपायों पर भी बल दिया। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि जैक की ओर से प्रश्न पत्र को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाई जाने वाली पूरी प्रक्रिया को अधिकारी समझें, ताकि यह पता लगाया जा सके कि पेपर लीक कहां से हुआ। साथ ही बरामद डिजिटल डिवाइस की जांच का निर्देश भी डीजीपी ने दिया। ताकि, पूरे प्रकरण के मुख्य अभियुक्त साजिशकर्ता को चिन्हित किया जा सके। बैठक में आईजी असीम विकांत मिंज, संजीव कुमार, वाई एस रमेश सहित कई अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुए।

## हवाई जहाज से भेजा मजदूरों के परिजनों को

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर तेलंगाना के निमार्णाधीन टनल में फंसे झारखंड के श्रमिकों के परिजनों को लेकर अ?धिकारी सोमवार को तेलंगाना रवाना हुए। गुमला जिला प्रशासन ने चार परिवारों के एक-एक सदस्य, पुलिस अधिकारी और गुमला जिला प्रशासन का कर्मी बिरसा मुंडा हवाई अड्डा से तेलंगाना के लिए प्रस्थान किया। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्रम विभाग के अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए



हैं। उल्लेखानीय है कि तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में स्थित श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल कुल आठ मजदूर फंसे हुए हैं, जिनमें झारखंड के चार, उत्तर प्रदेश के दो, जम्मू-कश्मीर और पंजाब का एक एक मजदूर शामिल हैं। वहीं राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम बचाव अभियान में जुटी है। नियंत्रण कक्ष ने एडिशनल लेबर ऑफिसर (एएलओ), नागरकुरनूल और फंसे हुए झारखंड के मजदूरों के साथ तेलंगाना गए अन्य मजदूरों से संपर्क किया है। मजदूरों ने बताया कि वे जयप्रकाश एसोसिएट्स एलटीएस के अंतर्गत श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल प्रोजेक्ट में काम कर रहे हैं। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष तेलंगाना प्रशासन और वहां मौजूद अन्य मजदूरों के साथ संपर्क में है। एनडीआरएफ की टीम की ओर से किए जा रहे बचाव कार्यों की नियमित रिपोर्ट ली जा रही है। गुमला जिला प्रशासन के नेतृत्व में गई टीम वहां पहुंच कर नियंत्रण कक्ष को वस्तुस्थिति से अवगत कराएगा।

### महाशिवरात्रि कल, आचार्य चेतन पाण्डेय ने कहा

## इस बार 149 वर्ष बाद बन रहा विशेष संयोग

**चतरा।** शिव और शक्ति के मिलन का पावन पर्व महाशिवरात्रि पर इस वर्ष करीब 149 साल बाद एक अद्भुत संयोग बनने जा रहा है। यह संयोग देश और समाज के लिए काफी शुभप्रद्ध साबित होगा। महिलाओं की बात करें तो यह संयोग उन्हें अपार सम्मान दिलाएगी। यह बातें जन्मकुंडली, वास्तु व कर्मकाण्ड परामर्श के विशेषज्ञ आचार्य पंडित चेतन पाण्डेय ने कहा। आचार्य ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन इस बार काफी दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस दिन ग्रहों की स्थिति काफी अलग रहने वाली है। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन इस बार धन के दाता



शुक्र अपनी उच्च राशि मीन में रहेंगे। जिससे मालव्य राजयोग का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही मीन राशि में शुक्र की राहु के साथ युति हो रही है। इसके अलावा कुंभ राशि में सूर्य और शनि की युति चल रही है। पिता-पुत्र की युति होने से कई राशियों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा कुंभ राशि में बुध भी विराजमान हैं। इससे तीनों ग्रहों की युति से त्रिग्रही योग और सूर्य-बुध की युति से बुधादित्य योग और शनि के अपने मुल त्रिकोण राशि में होने से राजयोग का निर्माण हो रहा है। चतरा के आचार्य पंडित चेतन पाण्डेय ने बताया कि ऐसा संयोग 1873 ईस्वी में बना था। करीब 149 साल बाद इस वर्ष यह संयोग बन रहा है। इसके अलावा इस दिन शिव के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। यह योग शुभ फलप्रद माना गया है। यह योग भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना और आराधना हर प्रकार के कष्टों से मुक्ति दिलाने वाला होगा। यह संयोग समृद्धि दिलाने के साथ साथ हर मुश्किलों से दूर करने वाला होगा।आचार्य ने कहा कि सबसे बड़ी बात कि इस वर्ष महाशिवरात्रि के दिन बुधवार और श्रवण नक्षत्र का योग बन रहा है यह योग विद्यार्थी वर्ग के लिए विद्या प्रदान करने वाला योग माना गया है। वहीं इस दिन श्रवण नक्षत्र के साथ-साथ परिघ और शिव नाम का योग का निर्माण हो रहा है। यह योग महिलाओं को अखंड सौभाग्य दिलाने वाला होगा। ऐसे में इस पावन त्योहार पर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना विशेष लाभप्रद होगा। महाशिवरात्रि पर सुबह से लेकर शाम तक पूजा का शुभ समय बन रहा है। सुबह में भगवान शंकर को जलाभिषेक के साथ दूध और अन्य पूजन सामग्री अर्पन करने से विशेष अभिष्ट फल की प्राप्ति कराने संयोग बन रहा है। वैसे शास्त्रों में महाशिवरात्रि की पूजा और व्रत निशा व्यापिनी चतुर्दशी का अधिक महत्वपूर्ण बताया गया है। आचार्य चेतन पाण्डेय बताते हैं कि महाशिवरात्रि पर इस बार श्रवण नक्षत्र भोग कर रहा है। यह नक्षत्र भगवान शिवजी को प्रिय है। बताया कि इस वर्ष शनि का कुम्भ राशि पर भ्रमण एवं शुक्र का उच्च राशि पर भ्रमण होने के साथ ही बुधवार को महाशिवरात्रि है। यह योग बहुत शुभप्रद है।

## महाशिवरात्रि को लेकर बासुकीनाथ मंदिर के गुंबद से उतारा गया पंचशूल

**दुमका।** सुप्रसिद्ध तीर्थस्थल बासुकीनाथ धाम में फाल्गुन कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि (सोमवार) को चार दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का आगाज पंचशूल उतारे जाने की परंपरा से हुआ। मंदिर न्यास समिति की ओर से आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में पूरे विधि-विधान से शिव-पार्वती मंदिर के गुंबद से पंचशूल पवित्र घड़ा त्रिशूल ध्वज एवं पगड़ी नीचे उतारा गया। बासुकीनाथ मंदिर के विदकारी सोखी कुंवर अपने परिजनों संग मंदिर के पवित्र गुंबद पर चढ़कर पौराणिक



परंपरा का निर्वाह करते हुए पंचशूल उतारने की धार्मिक रस्म को पूरा किया। इसके साथ तमाम मंदिरों के शिखरों पर विराजमान त्रिशूलों को भी उतरा गया। इस शुभ घड़ी का दीदार करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में हर महादेव का जय घोष करते नजर आए। मौके पर पंडा, पुरोहित, मंदिर कर्मी सहित पूजा करने आए शिव भक्त मौजूद थे।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त करने के दौरान पुलिस-ग्रामीणों में हिंसक भिड़ंत




**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के हिसरा बरवाडीह पंचायत अंतर्गत कारीहार गांव में जिंजोई नदी से अवैध बालू उठाने के क्रम में पुलिस और ग्रामीणों में भिड़ंत हो गयी। इस घटना में थाना प्रभारी लालजी एवं एक हवलदार चोटिल हो गए। हालांकि इसके बाद भी अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया। इस संबंध में सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। कार्रवाई टीम में प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव भी शामिल थे।

प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव को गुप्त सूचना मिली थी कि जिंजोई नदी से बालू का अवैध उठाव होता है। सूचना पर सोमवार सुबह 4.30 बजे प्रशिक्षु डीएसपी मौके पर पहुंच गए और एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़ा। प्रशिक्षु डीएसपी जब ट्रैक्टर जब्त कर ले जाने लगे तो ग्रामीणें के जरिये रोकने की कोशिश की गयी। स्थिति को देखते हुए प्रशिक्षु डीएसपी ने इसकी जानकारी थाना प्रभारी लालजी को दी।

सूचना के तुरंत बाद थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। बालू लदा ट्रैक्टर लाने के क्रम में स्थानीय लोगों का विरोध बढ़ गया तो पुलिस की ओर से कुछ लोगों को लपड़ थपड़ की गयी, जिससे मामला बढ़ गया और लोग थाना प्रभारी से उलझ गए। इस क्रम में हाथापाई होने से थाना प्रभारी एवं एक हवलदार जख्मी हो गए।

प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव से इस संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने पत्रकारों को बताया कि थाना प्रभारी इस संबंध में विशेष जानकारी देंगे।

थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर लिया गया है। सात लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। छानबीन तेज की गयी है।

## न्यूज अपडेट्स

### सरकार ने हाई कोर्ट को बताया कि नेता प्रतिपक्ष ना होने से लोकायुक्त सहित अन्य पदों पर नहीं हो पा रही नियुक्ति



**रांची।** राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष, मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्त सहित अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नेता प्रतिपक्ष का चुनाव नहीं होने के कारण उक्त नियुक्तियां नहीं हो पा रही हैं। इसके बाद अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए मार्च माह के अंतिम सप्ताह की तिथि निर्धारित की है। राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त सहित कई संवैधानिक संस्थाओं के पद कुछ वर्षों से रिक्त हैं। इन रिक्तियों को भरने को लेकर हाईकोर्ट काफी गंभीर है और कोर्ट ने सरकार को उक्त पदों पर जल्द नियुक्ति का निर्देश भी दिया है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा नहीं होने के कारण नियुक्तियों पर पेंच फंसा हुआ है।

## पलामू

### किसी काम के लिए नींव मजबूत करना जरूरी : डीसी

# इंफॉर्मेशन, एनालिसिस व एप्लीकेशन से ही सफलता

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** सफलता के लिए इंफॉर्मेशन, एनालिसिस एवं एप्लीकेशन आवश्यक है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसके लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। वर्तमान दौर प्रतियोगिताओं का है और तकनीक का विस्तार हुआ है। ऐसे में पढ़ने, सीखने और माहौल से खुद को बेहतर बनाने की आवश्यकता है। किसी काम को करने के लिये नींव को मजबूत करना जरूरी है। नींव को मजबूत करने के लिए मेहनत अति आवश्यक है। उक्त बातें डीसी शशि रंजन ने कही। वे 4 वें जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला-2025 के तहत आयोजित कार्यक्रम युवक-युवतियों



को मार्गदर्शन कर रहे थे। मेला का आयोजन ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार के स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी की ओर से बेरोजगार युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करने हेतु दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत आयोजित था। रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियों के लिये चयनित अमरजित कुमार, सैफ खान, मो रजा, साजीद, राणा गोपाल को सांकेतिक रूप से मुख्य मंच से ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इसके साथ ही रोजगार मेला के दौरान 363 युवक-युवतियों कोविभिन्न कंपनियों में रोजगार हेतु ऑफर लेटर प्रदान किये गये। रोजगार मेला के दौरान 1440 युवक-युवतियों का पंजीकरण किया गया। इन्हें रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर इनकी योग्यता के अनुरूप 754 को शॉर्ट लिस्ट किया जा चुका है। अन्य आवेदकों के आवेदनों की जांच की जा रही है, ताकि उनकी योग्यता अनुरूप रोजगार प्रदान किया जा सके। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार श्रम अधीक्षक-सह-श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के पदाधिकारी एतवारी महतो, जेएसएलपीएस प्रोग्राम एक्सक्यूटिव अमित चौधरी, जेएसएलपीएस की डीपीएम अनीता केरकेट्टा, डीडीसी शब्बीर अहमद, प्रोग्राम मैनेजर ह्यनियोजनह्ल साईं दत्ता मुखर्जी, इमरान अहमद, नवल किशोर राजू, अख्तर अंसारी, संदीप मिश्रा सहित सभी प्रखंड के बीपीएम, सीसी, जॉब रिसोर्स पर्सन एवं बड़ी संख्या में प्रशिक्षित एवं अप्रशिक्षित युवक-युवती एवं नियोक्तागण उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत, विरोध में पांच घंटे रही सड़क जाम

**लातेहार।** जिले के बारियातु थाना क्षेत्र के फुलबसिया रेलवे कोयला साइडिंग के पास एक अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने लगभग पांच घंटे तक सड़क जामकर कोयला परिवहन को रोक दिया। हालांकि बाद में सीसीएल प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन के जरिये उचित मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिए जाने के बाद स्थानीय ग्रामीणों



ने सड़क जाम हटाया। मिली जानकारी के अनुसार बरियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलबसिया गांव निवासी वकील गंझु (41) शौच के लिए रेलवे साइडिंग की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक अनियंत्रित हाइवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गयी।घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने शव के साथ फुलबसिया रेलवे साइडिंग मार्ग को जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी।ग्रामीण परिजनों के लिए 20 लाख रुपए मुआवजा और नौकरी की मांग कर रहे थे। लगभग पांच घंटे तक सड़क जाम रहने के बाद सीसीएल और स्थानीय प्रशासन के जरिये मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिया गया। वही सीसीएल प्रबंधन के जरिये तत्काल मृतक के परिजनों को कुछ राशि भी उपलब्ध कराई गई ,जिसके बाद सड़क जाम हटा।

## रोजगार सृजन मेला, 363 को मिला ऑफर लेटर



**मेदिनीनगर।** ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार के स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की ओर से बेरोजगार युवाओं को विभिन्न कंपनियों के माध्यम से रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से सोमवार को डालटनगंज के दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में 4वें जनजातीय गौरव दिवस पर जिलास्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सफलता के लिए इंफॉर्मेशन, एनालिसिस एवं एप्लीकेशन आवश्यक है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसके लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। वर्तमान दौर प्रतियोगिताओं का है और तकनीक का विस्तार हुआ है। ऐसे में पढ़ने, सीखने और माहौल से खुद को बेहतर बनाने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने अनुशासन पूर्वक सोशल मीडिया का सदुपयोग करते हुए जीवन शैली को बेहतर बनाने की सीख दी। उन्होंने एआई तकनीक, चैट जीपीटी आदि तकनीक के प्रयोग एवं उसके सकारात्मक प्रभाव से जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त ने बालक-बालिकाओं की ओर से पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासाएं शांत की। रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों के लिए चयनित अमरजित कुमार, सैफ खान, मो. रजा, साजीद, राणा गोपाल को सांकेतिक रूप से मुख्य मंच से ऑफर लेटर प्रदान किया गया। रोजगार मेला के दौरान 363 युवक-युवतियों को 25 कंपनियों में रोजगार के लिए ऑफर लेटर प्रदान किए गए। रोजगार मेला के दौरान 1440 युवक-युवतियों का पंजीकरण किया गया। इन्हें रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर इनकी योग्यता के अनुरूप 754 को शॉर्ट लिस्ट किया जा चुका है। अन्य आवेदकों के आवेदनों की जांच की जा रही है, ताकि उनकी योग्यता अनुरूप रोजगार प्रदान किया जा सके। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार ने कहा कि सफलता के लिए मेहनत आवश्यक है। कर्म ही पूजा है, का अनुसरण हम सभी को करनी चाहिए। रोजगार के लिए जाने के पूर्व किन-किन प्रमाण पत्रों, दस्तावेजों की आवश्यकता होगी, इसका मूल्यांकन कर साथ रख लें, ताकि आवश्यकता अनुसार उसे तुरंत प्रस्तुत किया जा सके। श्रम अधीक्षक-सह-श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के पदाधिकारी एतवारी महतो ने सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी।जेएसएलपीएस के राज्य मुख्यालय से पहुंचे प्रोग्राम एक्सक्यूटिव अमित चौधरी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है। यहां मेला आयोजित हुआ है। कंपनियां आई हैं। अथार्त रोजगार आपके द्वार आया है। युवक-युवतियों को प्रशिक्षण दिया गया है। उनकी हुनर, स्कील के अनुरूप रोजगार और वेतन प्राप्त होगा। जेएसएलपीएस की डीपीएम अनीता केरकेट्टा ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस के माध्यम से पलामू में 18549 स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं। वहीं 1310 ग्राम संगठन एवं 60 संकुल संगठन हैं। इससे दो लाख दो हजार से अधिक परिवार जुड़ा है। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से प्रशिक्षण दिलवाकर सभी को रोजगार से जोड़कर आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मौके पर एक लघु फिल्म के माध्यम से उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। रोजगार के क्षेत्र में लक्ष्य के विरुद्ध बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रूप में सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर हुसैनाबाद, दूसरे स्थान पर हैदरनगर एवं तीसरे स्थान पर मोहम्मदगंज प्रखंड रहा। इनके बीपीएम को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार, जेएसएलपीएस के राज्य मुख्यालय के प्रोग्राम मैनेजर नियोजन साईं दत्ता मुखर्जी, प्रोग्राम एक्सक्यूटिव अमित चौधरी, जेएसएलपीएस पलामू के जिला वित प्रबंधक इमरान अहमद प्रशिक्षित एवं अप्रशिक्षित युवक-युवती एवं नियोक्ता उपस्थित रहे।

### जिप अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी ने जिला परिषद बोर्ड की बैठक में कहा

# कल्याण विभाग की योजनाओं के शिलान्यास में जिप सदस्यों को जरूर बुलाएं

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** जिप अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद बोर्ड की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से बोर्ड के पिछले बैठक में अनुपस्थित विभाग के पदाधिकारी शामिल हुये। संचालन कार्यपालक पदाधिकारी विनय श्रीवास्तव ने किया। बताया गया कि विगत 4 अक्टूबर 24 को जिला परिषद बोर्ड की बैठक हुई थी, जिसमें कल्याण, वन, सामाजिक सुरक्षा व खनन विभाग के पदाधिकारी उपस्थित नहीं हो पाये थे। आज इन्हीं विभागों के



पदाधिकारियों के साथ समीक्षा की गयी। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि विभाग के द्वारा जितनी भी योजना का शिलान्यास किया जाता है उसमें जिला परिषद सदस्य को निश्चित रूप से आमंत्रित किया जाय, अगर ऐसा नहीं होता है तो विभाग के पदाधिकारी पर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। वहीं वन विभाग के पदाधिकारी के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया और कहा गया कि वन विभाग जिला परिषद के अधीन नहीं आता है, इसके बावजूद बार-बार बैठक में उन्हें बुलाया जाता है। इस संबंध में राज्य सरकार से मार्गदर्शन मांग लिया जाय। वही खनन विभाग के पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि वन कैटेगरी का बालू उठाव पाटन प्रखंड के कांके कला से किया जा रहा है जिन्हें भी बालू की आवश्यकता है वह ऑनलाईन बुकिंग करा सकते हैं। साथ ही अन्य बालू घाटों को भी चालू किया गया है, लेकिन वहां पर बालू उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि अवैध पत्थर उत्खनन ना हो, इसके बावजूद अगर कहीं होता है तो सूचित करें, निश्चित रूप से कार्रवाई की जायेगी। सदस्यों ने कहा कि नौडीहा बाजार और छतरपुर में कई अवैध क्रेशर संचालित हो रहे हैं, उस पर कार्रवाई होनी चाहिये। बैठक में सामाजिक सुरक्षा के तहत दुर्घटना होने पर पारिवारिक लाभ जो देना है उसमें पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पारिवारिक लाभ उन्हें ही दिया जायेगा जो बीपीएल सूची में होंगे। इस पर जिला परिषद के सदस्यों ने कहा कि बीपीएल सूची 2002 में बना था। सर्वे हुआ था, इसके बाद नहीं बना है, इसलिये सभी कार्ड धारी को हर हाल में पारिवारिक लाभ दिया जाय। बैठक में जिला परिषद सदस्य प्रमोद कुमार सिंह, संग्राम सिंह, विजय कुमार, फिजायल अहमद, सुदामा जी, संजू देवी, सुधा कुमारी, माया देवी, खुशबू देवी, अमित जायसवाल सहित कई लोग मौजूद थे।



# जासा गांव में मासिक सत्संग का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड के जासा गांव निवासी गुलाब राम चन्द्रवंशी के आवास पर श्री सद्गुरु सदाफलदेव जी महाराज के अनुयायियों द्वारा मासिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ स्वागतगान, मंगलगान, प्रार्थना तथा स्वर्वेद पाठ के बाद अखण्डदीप प्रज्वलित कर किया गया। सत्संग में चर्चा करते हुये गुलाब राम चन्द्रवंशी ने कहा कि दूसरे का अवगुण न देखकर उसका गुण ग्रहण करना चाहिये और अपने दुर्गुण को देखकर उसे त्याग करने का प्रयत्न करना चाहिये। दुर्गुणी व्यक्ति का गुण तो ग्रहण करें, परन्तु उससे सावधान रहें, नहीं तो विशेष हानि हो जाने की सम्भावना होगी। जीवन में आत्म-परीक्षा होनी चाहिये, इससे विवेकी पुरुष अपने दुर्गुणों का त्याग और दूसरे के गुणों को ग्रहण करता है। जब तक परीक्षा करके अपने जीवन के दुर्गुणों का नाश और गुण को ग्रहण नहीं करेंगे तब तक जीवन पवित्र और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिये योग्य नही हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वासी पुरुष जितेन्द्रिय, गुणवान होकर अध्यात्म या संसार के किसी क्षेत्र में अग्रसर होंगे, तब उनके जीवन के उद्देश्य पूर्ण हो सकेंगे और वे ही देश, जाति या समाज की भलाई कर सकेंगे। मानव जीवन का लक्ष्य, प्रधान कर्तव्य, महाप्रभु की प्राप्ति है। अन्य सब सर्व कर्तव्य गौण हैं। आर्त, दीन, अधीन हो सद्गुरु-शरण में आने पर प्रभु की प्राप्ति का मार्ग मिलता है। इससे भिन्न कोई उपाय नहीं। सत्संग में डॉ रवीन्द्र कुमार, शिवचन्द गुप्ता, सुदेश यादव, ऋषि कुमार, श्रवण कुमार, जगनारायण सिंह, अमरेश कुमार यादव, अंकित कुमार, अर्पित कुमार, प्रियांशु कुमार, सरस्वती देवी, मंजू देवी, शालिनी जायसवाल, आरती देवी, राजकुमार सिंह, विमला देवी, शीला देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### रमना के ग्रामीणों ने डीसी से की अंडरपास निर्माण की मांग

**रमना :** प्रखंड अंतर्गत रामगढ़ टोला के ग्रामीणों ने डीसी को आवेदन देकर अंडरपास निर्माण की मांग की है। आवेदन में ग्रामीणों ने लिखा है कि रमना में एनएच 75 चौड़ीकरण सह बाईपास निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। परंतु पीपल तर से रामगढ़ टोला होते हुये रेलवे स्टेशन जाने वाली मार्ग में कोई अंडरपास नहीं बनाया जा रहा है। जिस कारण उक्त मार्ग से गुजरने वाली बड़ी आबादी को आवागमन में काफी असुविधा हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार उन्हें अपने घर तक पहुंचने के लिये कोई अन्य मार्ग भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में पुराने मार्ग में ही अंडर पास निर्माण की व्यवस्था की जाय। जिससे कि बड़ी आबादी को राहत मिल सके। इधर विधायक अनंत प्रताप देव ने भी उक्त मार्ग में अंडर पास निर्माण के लिये अपनी अनुशंसा की है। अंडरपास निर्माण की मांग करने वालों में गोपाल राम, बालरूप राम, नंदू साह, दया पासवान, एस कुमार पासवान, भरत पासवान, बनारसी बैठा, कृष्णा बैठा, राम विशुन देव बैठा, राम किशुन बियार, महेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में लोगों के हस्ताक्षर शामिल हैं।

**शिक्षा** | भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार कार्यक्रम

# वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार संस्था अग्रगति इंडिया के सीएफएल कार्यकताओं की ओर से वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से वित्तीय समावेशन और साक्षरता भारतीय रिजर्व बैंक के दो महत्वपूर्ण विकासात्मक उद्देश्य हैं। वित्तीय समावेशन से संबंधित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा वर्ष 2016 से विभिन्न गतिविधियों के अलावे वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वर्ष 2025 के लिये दिनांक 24 से 28 फरवरी तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष वित्तीय समावेशन में हितधारकों के रूप में महिलाओं के महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुये वर्ष 2025 के वित्तीय साक्षरता सप्ताह के संदेश को महिलाओं के इर्द-गिर्द केंद्रित करने का निर्णय लिया गया है। "वित्तीय समझदारी" समृद्ध नारी ₹ जो गढ़वा जिले के सभी प्रखंडों में सीएफएल कार्यकताओं के द्वारा वित्तीय साक्षरता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गृहणी महिलाओं के लिये वित्तीय नियोजन, घरेलू बजट, अकाउंट ओपनिंग एंड माईक्रो सेविंग, कार्यरत महिलाओं के लिये बचत और जोखिम प्रबंधन जैसे मासिक बचत, रिस्क डायवर्सिफिकेशन और उद्यमी महिलाओं के लिये विकास के लिये ऋण जिसमे मेंटेनिंग गुड क्रेडिट स्कोर, अवेलिंग क्रेडिट फ्रॉम रेगुलेटेड एंटाईटीज, रिस्पांसिबल बौरोइंग इत्यादि उप विषयों पर महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेराल सीएफएल कोऑर्डिनेटर गुरुदेव विश्वकर्मा प्रशिक्षिका अंजू कुमारी, सगमा सीएफएल कोऑर्डिनेटर जनार्दन प्रसाद यादव, प्रशिक्षिका ऐसून खातून, भवनाथपुर सीएफएल कोऑर्डिनेटर वीरेंद्र कुमार ठाकुर, प्रशिक्षिका नेहा चौरसिया, डंडई सीएफएल कोऑर्डिनेटर देवकांत कुमार, ट्रेनर सुजीत कुमार एवं भंडरिया सीएफएल कोऑर्डिनेटर प्रतिमा कुमारी एवं प्रशिक्षक रविंद्र प्रसाद द्वारा इस कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। जिला अग्रणी बैंक शाखा गढ़वा के एलडीएम सत्यदेव रंजन कुमार के द्वारा सभी जगह पर भ्रमण कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया जा रहा है। ताकि ग्रामीण महिलाओं को अधिक से अधिक इसका लाभ मिल सके। इस कार्यक्रम में गृहणी महिलाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## किशोर पलामू के विकास के लिए है प्रयत्नशील: राजकमल

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस लाईन और बस स्टैंड को शहर से हटाकर एनएच फोरलेन के आसपास शिफ्ट करने को लेकर प्रदेश के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के प्रस्ताव का शहर के सामाजिक कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया है। दिशा की बैठक में मंत्री की ओर से लाये गये प्रस्ताव को सांसद सह दिशा की बैठक की अध्यक्षता कर रहे वीडी राम ने भी सहमति दे दी है और डीसी व एसपी को संबंधित टास्क भी दिया गया है। पलामू जिले के सामाजिक कार्यकर्ता समाजसेवी राजकमल तिवारी ने कहा कि राधाकृष्ण किशोर की सोच को दाद देनी होगी। वे हमेशा पलामू के विकास के लिये प्रयत्नशील रहते हैं। शहर में पुलिस लाईन और बस स्टैंड होने के कारण जाम की समस्या बनी रहती है। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन आज तक इसके समाधान के लिये किसी ने सोचा भी नहीं। वित्त मंत्री ने पुलिस लाईन और बस स्टैंड हटाने का प्रस्ताव लाया और पुलिस लाईन की जगह मेगा मार्केट कांप्लेक्स बनाने का प्रस्ताव भी दिया है। पलामू नहीं पूरे राज्य का सर्वांगीण विकास के लिये राधाकृष्ण किशोर हमेशा सोचते रहते हैं। इतना ही नहीं मेदिनीनगर के अलावा पलामू को यातायात जिला घोषित करने की दिशा में भी पहल शुरू कर दी है। बधाई देने वाले मे समाजसेवी ईश्वरी पांडेय, अरुण कुमार सिंह, रविंद्र सिंह, राजेंद्र पांडेय, महाराणा प्रताप सिंह, श्री राम मेहता, दया सिंह, अंकित शुक्ला, कांग्रेसी नेता दीनानाथ तिवारी, गोपाल पासवान, राकेश दुबे, अशोक सोनी, उपेन्द्र सिंह, अखिलेश पांडेय सहित कई लोगों ने वित्त मंत्री को बधाई दी है।

### डॉ प्रवेश दुबे को मिला झारखंड सेवा सम्मान 2025




**मेदिनीनगर :** अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ रांची के तत्वावधान में खूंटी स्थित महिला हाईस्कूल के पास ऑडिटोरियम में आयोजित झारखंड सांस्कृतिक महोत्सव 2025 में पलामू निवासी डॉ प्रवेश दुबे को झारखंड सेवा सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन खूंटी विधायक रामसूरत मुंडा, सीआरपीएफ कमांडेंट अनजान कुमार, डॉ रमन झा, वरिष्ठ अधिवक्ता आशुतोष भगत, बैंक प्रबंधक अन्नत कुमार, कार्यक्रम अध्यक्ष तपन कुमार घोष, मार्शल बारला आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। श्री दुबे को कला संस्कृति के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए झारखंड सेवा सम्मान 2025 से विभूषित किया गया है। बता दें कि प्रवेश दुबे को इससे पहले भी झारखंड कला रत्नेश पुरस्कार एवं महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल गोल्डन अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। प्रवेश दुबे ने उपन्यास राज द रियल लव स्टोरी की रचना व समाज सुधार पे शॉर्ट फिल्म लव इन प्रेम हॉस्पिटल, ये मोहबत, करप्शन, मेरा हिंदुस्तान, कोविड जैसे फिल्म का निर्माण के साथ अभिनय भी किया है। साथ ही इनका खुद का प्रोडक्शन हाउस अनमोल मुस्कान फिल्म एंटरटेनमेंट भी है, इनके आवाज में कुछ गीत भी सुनने को मिलता है। प्रवेश दुबे के सम्मानित होने पर उनके दोस्तो व शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

### शहर थाने के सामने सेवानिवृत्त सीसीएलकर्मी से 1.50 लाख की लूट



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में थाना के सामने भी लोग सुरक्षित नहीं हैं। मेदिनीनगर शहर थाना के सामने लालकोठा से सटे मुख्य सड़क पर सोमवार को दिनदहाड़े एक रिटायर सीसीएलकर्मी से छिनतई की गयी। बाइक सवार दो अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। अपराधी सीसीटीवी कैमरे में दिखे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस अपराधियों की पहचान एवं गिरफ्तारी में जुटी हुई है। घटना शाम 4.10 बजे की है। जानकारी के अनुसार शांतिपुरी के रहने वाले 62 वर्षीय मधुसूदन नारायण पांडेय एसबीआई के बाजार ब्रांच से 1.50 लाख रूपए निकालकर अपने घर जा रहे थे। जैसे ही लालकोठा से सटे मुख्य सड़क पर पहुंचे कि पीछे छहमुहान की ओर से एक बाइक पर दो अपराधी पहुंचे एवं मधुसूदन के हाथ से पैसों से भरा झोला छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद मधुसूदन कुछ समझ पाते तबतक लुटेरे अस्पताल चौक की ओर से निकल गए। मधुसूदन के अनुसार झोले में 500 की तीन गड्डी एवं चेकबुक था। मधुसूदन अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए रूपए निकाले थे। अपराधियों में बाइक चलाकर युवक हेलमेट पहना था, जबकि पीछे बैठे युवक का चेहरा दिख रहा था।

### कोलकाता से प्रयागराज जा रही बस दुर्घनाग्रस्त

**हजारीबाग।** हजारीबाग के चौपारण थाना क्षेत्र में महाकुंभ के लिए कोलकाता से प्रयागराज जा रही श्रद्धालुओं की बस सोमवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा सियरकोनी 19 के पास पीके इंटरनेशनल होटल के नजदीक हुआ। हादसे में 30 के करीब यात्री घायल हुए हैं। इनमें से दो की स्थिति गंभीर है। स्थानीय लोगों के मुताबिक सड़क किनारे प्याज लदा एक ट्रक खड़ा था। पीछे से आ रही यात्री बस अनियंत्रित होकर इस ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एनएचएआई के एम्बुलेंस से सभी घायलों को चौपारण सरकारी अस्पताल ले जाया गया। थाना प्रभारी के अनुसार मामूली रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। गंभीर रूप से घायल दो यात्रियों का इलाज जारी है। सभी यात्री खतरे से बाहर हैं।


## मतदाता सूची तैयार करने को लेकर गठित दल का प्रशिक्षण सह कार्यशाला

# 3 मार्च तक होगा मतदाता सूची सत्यापन : बीडीओ

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर अंतर्गत निर्धारित वार्डों एवं मतदान केंद्रवार मतदाता सूची तैयार करने को लेकर गठित दल का प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में विधानसभा निर्वाचन को लेकर तैयार मतदाता सूची को वार्ड वार विभाजित करने की कार्रवाई की गई। बीडीओ रौशन कुमार ने बताया कि 25 फरवरी से सभी कर्मी एवं प्रतिनियुक्त सुपरवाईजर वार्ड क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाता का सत्यापन करेंगे। साथ ही उक्त कार्य 3 मार्च तक पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। इसके पश्चात 10 मार्च को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 11 से 20 मार्च तक दावा आपत्ति की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि सभी कर्मी को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि इस कार्य के दौरान किसी भी परिस्थिति में किसी मतदाता का नाम नहीं हटाया जायेगा तथा मतदाता जिस वार्ड में निवास करते हो उसी वार्ड में उनके पूरे परिवार का नाम दर्ज किया जायेगा। कार्यशाला में बीडीओ रौशन कुमार के अलावे बीपीआरओ वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार, नगर पंचायत के सिटी मैनेजर रवि कुमार, प्रणय मंडिलवार, रोजगार सेवक वीरेंद्र कुमार यादव, मनीष कुमार चौबे, आनंद कुमार विश्वकर्मा, आलोक राज, जनसेवक विकास कुमार, जेई जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, पर्यवेक्षक, बीएलओ उपस्थित थे।



# फ्लाइट में राहुल मोदी संग दिखीं श्रद्धा कपूर, फोटो वायरल

श्रद्धा कपूर काफी समय से मशहूर लेखक राहुल मोदी के साथ अपने अफेयर को लेकर सुर्खियों में हैं। एक खबर के मुताबिक, दोनों साल के अंत तक शादी के बंधन में बंध सकते हैं। हाल ही में श्रद्धा और राहुल को अहमदाबाद एयरपोर्ट पर एक साथ स्पॉट किया गया था। अब उनकी नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिसमें यह जोड़ी फ्लाइट में सफर करती नजर आ रही है। नई तस्वीरों में श्रद्धा कपूर और राहुल मोदी को फ्लाइट में एक-दूसरे के करीब बैठे देखा जा सकता है। श्रद्धा अपने फोन में राहुल को कुछ दिखा रही हैं और इस दौरान दोनों ने मैचिंग आउटफिट पहने हुए हैं। राहुल हिंदी सिनेमा के मशहूर लेखक हैं। श्रद्धा से उनकी पहली मुलाकात फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' के सेट पर हुई थी। साथ काम करते-करते दोनों एक-दूसरे को बेहतर जानने लगे और फिर उनकी दोस्ती और गहरी हो गई।

## 'हेरा फेरी-3' में नजर आएगी अक्षय, परेश और सुनील की तिकड़ी



'हेरा फेरी' हिंदी सिनेमा के इतिहास की सबसे हिट कॉमेडी फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के बहुत सारे प्रशंसक हैं। अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी ने राजू, बाबूराव और श्याम की भूमिकाओं में दर्शकों को खूब हंसाया। आज भी जब कोई फिल्म टीवी पर दिखाई जाती है तो उसे पूरा देखा जाता है। यह फिल्म 2000 में आई थी। इसका सीक्वल 'फिर हेरा फेरी' 2006 में रिलीज हुआ। अब फिल्म का तीसरा पार्ट भी आने वाला है और इसमें अक्षय-परेश-सुनील की तिकड़ी नजर आएगी। इस बीच, परेश रावल तीसरे भाग में कार्तिक आर्यन को निर्णय लेने पर चर्चा पर टिप्पणी की परेश रावल ने एक साक्षात्कार में कई विषयों पर बात की। इस बार उन्होंने 'हेरा फेरी 3' के बारे में भी अपडेट दिया। क्या स्क्रिप्ट भी उतनी ही मजेदार है? इस पर उन्होंने कहा, मैंने अभी तक स्क्रिप्ट नहीं सुनी है। लेकिन निश्चित रूप से होगी और होनी भी चाहिए। क्योंकि लोगों को फिल्म से बहुत उम्मीदें हैं। लोग सीक्वल चाहते हैं, इसलिए मैंने इसे साइन किया। हो सकता है कि कुछ अच्छा सामने आए। कार्तिक आर्यन 'हेरा फेरी 3' में होने की चचाओं पर परेश रावल ने कहा, कार्तिक आर्यन को फिल्म के लिए साइन किया गया था। तब फिल्म की कहानी अलग थी। उसमें कार्तिक का रोल यह था कि उसे राजू पकड़ लेता है। मैंने पूरी स्क्रिप्ट नहीं सुनी थी, लेकिन उसमें यह था।

**झारखंड विधानसभा. बजट सत्र के प्रथम दिन विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो से मिले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन**



# एनडीए किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बिहार के भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करते हुए कहा कि देश के गरीब, किसान, नौजवान और नारी शक्ति विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं। एनडीए सरकार चाहे केंद्र में हो या फिर प्रदेश में किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ के समय में मंदराचल की इस धरती पर आना बड़ा सौभाग्य है। इस धरती में आस्था, विरासत और विकसित भारत का सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार भारत की गौरवशाली विरासत के संरक्षण और वैभवशाली भविष्य के निर्माण के लिए एक साथ काम कर रही है लेकिन जंगलराज वाले इन्हें हमारी धरोहर और आस्था से नफरत है। इस समय प्रयागराज में एकता का महाकुंभ चल रहा है। ये भारत की आस्था, एकता और समरसता का सबसे बड़ा महोत्सव है। पूरे यूरोप की जितनी जनसंख्या है, उससे भी अधिक लोग इस एकता के महाकुंभ में स्नान कर चुके हैं, लेकिन ये जंगलराज वाले महाकुंभ को गाली दे रहे हैं। राम मंदिर से चिढ़ने वाले लोग महाकुंभ को भी कोसने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। महाकुंभ को गाली देने वाले



लोगों को बिहार कभी माफ नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पीएम किसान निधि की एक और किस्त देश के करोड़ों किसानों को भेजने का सौभाग्य मिला है। करीब 22 हजार करोड़ रुपये एक क्लिक पर देशभर के किसानों के खातों में पहुंचे हैं। पीएम किसान सम्मान निधि में बिहार के 75 लाख से अधिक किसान परिवार भी शामिल हैं और उनके खातों में 1600 करोड़ रुपये पहुंच चुके हैं।

प्रधानमंत्री ने लालू यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में हुए चारा घोटाले का जिक्र कर पिछली सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि किसान को खेती के लिए अच्छे बीज, पर्याप्त और सस्ती खाद, सिंचाई की सुविधा, पशुओं का बीमारी से बचाव और आपदा के समय नुकसान से सुरक्षा चाहिए। पहले इन सभी पहलुओं को लेकर किसान संकट से घिरा रहता था। जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं वो इन स्थितियों को कभी भी नहीं बदल सकते हैं। एनडीए सरकार ने इन स्थितियों को बदला है। उन्होंने कहा कि पहले किसानों को यूरिया के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं, यूरिया की कालाबाजारी होती थी। आज किसानों को पर्याप्त खाद मिलती है। कोरोना संकट के दौरान भी हमने किसानों को खाद की कमी नहीं होने दी। अगर एनडीए सरकार नहीं होती तो क्या होता। अगर एनडीए सरकार नहीं होती तो आज भी किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़तीं। अगर एनडीए सरकार नहीं होती तो आज किसानों को यूरिया का एक बैग 3,000 रुपये में मिल रहा होता। पहले की सरकारें बाढ़, सूखा और ओले के स्थिति में किसानों को उनकी हाल पर छोड़ देती थीं। वर्ष 2014 में एनडीए सरकार पीएम फसल बीमा योजना लेकर आई। इस योजना के तहत पौने दो लाख करोड़ रुपये का क्लेम किसानों को आपदा के समय मिल चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और जंगलराज वाले सरकार में थे तब इन लोगों ने खेती का बजट रखा था उससे कहीं अधिक हम बैंक खातों में भेज चुके हैं। ये काम कोई भ्रष्टाचारी नहीं कर सकता है। बीते वर्षों में सरकार के प्रयासों से भारत का कृषि निर्यात बहुत अधिक बढ़ा है। इससे किसानों को उनकी उपज की ज्यादा कीमत मिलने लगी है। कई कृषि उत्पादों का पहली बार निर्यात शुरू हुआ है। अब इस वर्ष के बजट में मखाना किसानों के लिए मखाना बोर्ड बनाने का ऐलान किया गया है।

## राज्यों के मुख्य निर्वाचन अफसरों का दो दिवसीय सम्मेलन 4-5 मार्च को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 4-5 मार्च को भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली में सभी




राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय किया है। ज्ञानेश कुमार के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से यह पहला ऐसा सम्मेलन है। चुनाव आयोग के अनुसार पहली बार मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को निर्देश दिया गया है कि वे सम्मेलन में भाग लेने के लिए एक डीईओ और एक ईआरओ को नामित करें। सांविधिक अधिकारियों के रूप में सीईओ, डीईओ और ईआरओ राज्य, जिला और विधानसभा क्षेत्र के स्तर पर महत्वपूर्ण पदाधिकारी हैं। दो दिवसीय सम्मेलन राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के निर्वाचन अधिकारियों को विचार-मंथन और एक-दूसरे के अनुभवों से परस्पर सीखने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सम्मेलन के पहले दिन आधुनिक निर्वाचन प्रबंधन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा होगी, जिसमें आईटी आर्किटेक्चर, प्रभावी संवाद, सोशल मीडिया आउटरीच को बढ़ावा और निर्वाचन प्रक्रियाओं में विभिन्न पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिका शामिल है। सम्मेलन के दूसरे दिन, राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ पिछले दिन की विषयगत चर्चाओं पर अपनी-अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे।

**Hit लिस्ट**

## भारत, न्यूजीलैंड आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेफा में

**नई दिल्ली।** रावलपिंडी में न्यूजीलैंड की बांग्लादेश पर पांच विकेट से जीत के साथ ही भारत ने सोमवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी



2025 के सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है, भारत के साथ ही न्यूजीलैंड भी अंतिम चार में पहुंच गया है, जबकि मेजबान पाकिस्तान और बांग्लादेश बाहर हो गए हैं। 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का आखिरी ग्रुप-स्टेज गेम यह निर्धारित करेगा कि कौन सी टीम ग्रुप ए में शीर्ष पर होगी। मैच का विजेता सेमीफाइनल में ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगा। यह छठा संस्करण है जहां मेन इन ब्लू ने सेमीफाइनल में जगह बनाई है। वे 1998, 2000, 2002, 2013 और 2017 में अंतिम चार में पहुंचे। न्यूजीलैंड के लिए, यह चौथा सेमीफाइनल होगा और 2009 के बाद यह पहला होगा।

## पाकिस्तान में वकीलों व पत्रकारों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के वकीलों और पत्रकारों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए इलेक्ट्रॉनिक अपराध रोकथाम अधिनियम (पेका) में किए



गए संशोधनों को तुरंत रद्द करने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की सोमवार को बुलाई गई सलाहकार सभा में स्वतंत्र पत्रकारिता पर प्रतिबंधों को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया गया। डान समाचार पत्र की खबर के अनुसार, बैठक में सर्वसम्मत से पारित प्रस्ताव में इस बात पर जोर दिया गया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की आधारशिला है। बैठक में मौजूद पत्रकारों और वकीलों ने पेका (संशोधन) अधिनियम, 2025 की निंदा करते हुए इसे अस्वीकार कर दिया।

**पीएम मोदी यहां आ गए हैं तो सिर्फ यहां का नहीं, बल्कि पूरे बिहार का विकास होगा**

# पीएम मोदी का बिहार के विकास में मिल रहा सहयोग : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

**पटना/भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 9.80 करोड़ किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त के रूप में कुल 22 हजार करोड़ हस्तांतरित किए। इसमें बिहार के 76 लाख किसान शामिल हैं। जिनके खाते में भी 1600 करोड़ रुपये भेजे गये हैं। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है, वहीं बिहार के विकास में भी सहयोग मिल रहा है। बजट में बिहार में मखाना बोर्ड, ग्रीनफिल्ड एयरपोर्ट की स्थापना, पश्चिमी कोसी नगर के लिए वित्तीय सहायता, प्रसंस्करण संस्थान की स्थापना का ऐलान किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पीएम मोदी यहां आ



गए हैं तो सिर्फ यहां का नहीं, बल्कि पूरे बिहार का विकास होगा। सीएम ने कहा कि अब इधर-उधर नहीं, बल्कि उन्हीं के सहयोग से बिहार को आगे ले जाएंगे। हम लोगों ने गरीब, दलित और पिछड़ों के उत्थान के लिए हमने काम किया है। पहले रात में कोई घरों से बाहर नहीं निकलता था। लेकिन आज पुरुष-महिला सब रात में घूमते हैं। सभी लोग पीएम मोदी के पक्ष में है और इसलिए पूरे देश का विकास होगा। साथ ही बिहार भी आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदू-मुस्लिम का भी वो (राजद की सरकार) झगड़ा कराते थे। पढ़ाई की हालत खराब थी। इलाज का पूरा इंतजाम नहीं था। उन लोगों के समय में सड़कों का बुरा हाल था और बिजली तो बहुत कम थी। पटना में भी बिजली नहीं थी। पटना में मुश्किल से आठ घंटे बिजली रहती थी। उसके बाद हम लोगों ने काफी काम किया है। किसी प्रकार का डर नहीं है। प्रेम, भाईचारे का माहौल है। उन्होंने कहा कि 24 नवम्बर, 2005 को सरकार में आने के बाद हम लोग लगातार बिहार के विकास में लगे हुए हैं। लोगों के सीधा संवाद करते हुए कहा कि याद है ना, जब पहली बार सरकार में आए थे तो क्या स्थिति थी। शाम के बाद कोई घर से नहीं निकलता था और समाज में काफी विवाद होता था। हमारा शुरू से कृषि पर जोर देने का लक्ष्य रहा है। इसलिए कृषि रोड बनाकर कृषि के विकास के लिए काम किया गया। यह मैप लागू करने से कृषि का विकास हुआ है। इसके अलावा दूध, अंडा और मछली उत्पादन भी बढ़ा है। पहले यहां हम मछली दूसरे राज्यों से मंगवाते थे और अब हम आत्मनिर्भर हो गए हैं।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)